भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 599
उत्तर देने की तारीख 07.02.2022

बिहार में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की स्थिति

599# **श्री राम नाथ ठाकुर:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार सहित देश में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान बिहार में कृषि आधारित और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए बिहार में उक्त योजना के तहत स्थापित इकाइयों का ब्यौरा क्या है;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान इस योजना के तहत बिहार के लिए जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस योजना के तहत बिहार के लिए मार्जिन राशि राजसहायता के वितरण का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नारायण राणे)

(क) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित एक प्रमुख ऋण संबद्ध कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य परंपरागत कारीगरों और बेरोजगार युवाओं की सहायता करके गैर कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म-उद्यमों की स्थापना के माध्यम से स्व-रोजगार के अवसरों को सृजित करना है। पूरे देश और बिहार के लिए वर्तमान वर्ष (31.01.2022 की स्थिति के अनुसार) के दौरान पीएमईजीपी के अंतर्गत संवितरित मार्जिन मनी, सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या और अनुमानित सृजित रोजगार का ब्यौरा नीचे दिया गया हैं:

	संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख रू. में)	सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या	अनुमानित सृजित रोजगार
भारत	190459.49	62072	496576
बिहार	4211.58	1259	10072

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान बिहार में पीएमईजीपी के अंतर्गत सहायता प्राप्त कृषि आधारित और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों (एबीएफपीआई) की संख्या निम्नलिखित है:

वर्ष	**एबीएफपीआई इकाइयों की संख्या**
2016-17	820
2017-18	527
2018-19	760
2019-20	521
2020-21	696

(ग) और (घ) पीएमईजीपी के अंतर्गत आबंटित निधियां खादी और ग्रामोद्योग आयोग जोकि स्कीम के लिए नोडल कार्यान्वयन एजेंसी हैं, के माध्यम से सीधे लाभार्थियों को अंतरित की जाती है, राज्यों को कोई निधि जारी नहीं की गई है। बिहार में पीएमईजीपी के अंतर्गत विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष (31.01.2022 की स्थिति के अनुसार) के दौरान लाभार्थियों को संवितरित मार्जिन मनी निम्नलिखित हैः

वर्ष	**मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख रू. में)**
2016-17	8336.51
2017-18	6558.85
2018-19	9842.00
2019-20	6950.67
2020-21	7208.74
2021-2022 (31.01.2022 की स्थिति के अनुसार)	4211.58